# विकलांग व्यक्तियों के लिए माध्यमिक रूपांतरण योजना निर्देशिका

Maryland (मैरीलैंड) राज्य शिक्षा विभाग

आरंभिक कार्यवाही/विशेष शिक्षा सेवाओं का प्रभाग




रूपांतरण प्रक्रिया साक्ष्य-आधारित उपायों के साथ सशक्त है जो स्कूल के बाद की सफलता की भविष्यवाणी करती है।

MARYLAND STATE DEPARTMENT OF EDUCATION
EQUITY AND EXCELLENCE

DIVISION OF EARLY INTERVENTION AND SPECIAL EDUCATION SERVICES

विकलांग व्यक्तियों के लिए Maryland की माध्यमिक रूपांतरण योजना निर्देशिका

© 2019 Maryland राज्य शिक्षा विभाग

Marcella E. Franczkowski (मार्सेला ई. फ्रैंकजोवस्की), सहायक राज्य अधीक्षक, शिक्षा विभाग, आरंभिक कार्यवाही और विशेष शिक्षा सेवाओं का प्रभाग के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। कृपया इस जानकारी के संबंध में किसी उत्तर के लिए Maryland राज्य शिक्षा विभाग, आरंभिक कार्यवाही और विशेष शिक्षा सेवाओं के प्रभाग का संदर्भ ग्रहण करें। किसी भी ऐसे उपयोग जो कॉपीराइट कानून में दी गई शर्तों के अनुसार "उचित उपयोग" नहीं है उनके लिए अनुमति का अनुरोध करने के लिए, संपर्क करें: Maryland State Department of Education, Division of Early Intervention and Special Education Services, 200 West Baltimore Street, Baltimore, Maryland 21201, 410-767-0249 पर बात करें।

Maryland राज्य शिक्षा विभाग नस्ल, रंग, लिंग, आयु, राष्ट्रीय मूल, धर्म, विकलांगता, या यौन प्राथमिकता के आधार पर रोजगार को प्रभावित करने वाले विषयों में या कार्यक्रमों और गतिविधियों के लिए पहुँच उपलब्ध कराने में भेद-भाव नहीं करता है और Boy Scouts (ब्वॉय स्काउट्स) और अन्य निर्धारित युवा समूहों के लिए समान पहुँच उपलब्ध कराता है। विभागीय नीति संबंधित प्रश्नों के लिए, कृपया संपर्क करें ऐजेंसी इक्विटी अधिकारी, इक्विटी आश्वासन और अनुपालन कार्यालय, वित्त और प्रशासन के लिए उप राज्य अधीक्षक का कार्यालय, Maryland राज्य शिक्षा विभाग, 200 West Baltimore Street, Baltimore, Maryland 21201-2595, 410-767-0433 फ़ोन, 410-767-0431 फैक्स, 410-333-6442 TTY/TDD।

Karen B. Salmon, Ph.D.
स्कूल के राज्य अधीक्षक

ब्रिगेडियर जनरल Warner I. Sumpter, अमेरिका, अवकाश प्राप्त
अध्यक्ष Maryland राज्य शिक्षा बोर्ड

Larry Hogan
राज्यपाल

Carol A. Williamson, Ed.D.
शिक्षण और शिक्षा के लिए उप राज्य अधीक्षक

Marcella E. Franczkowski, M.S.
सहायक राज्य अधीक्षक
आरंभिक कार्यवाही और विशेष शिक्षा सेवाओं का प्रभाग

200 West Baltimore Street
Baltimore, Maryland 21201
MarylandPublicSchools.org

# इस निर्देशिका का कैसे उपयोग करें

Maryland राज्य शिक्षा विभाग की ***विकलांग व्यक्तियों के लिए माध्यमिक रूपांतरण योजना निर्देशिका*** छात्रों, अभिभावकों/संरक्षकों, शिक्षा विदों, और समुदाय की संस्थाओं को रूपांतरण प्रक्रिया के बारे में जानकारी उपलब्ध कराती है। हालाँकि प्रत्येक छात्र को व्यक्तिगत आधार पर रूपांतरण लक्ष्य और परिणाम प्राप्त होंगे, इसके बावजूद यह निर्देशिका सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने के लिए विकलांग व्यक्तियों के लिए शिक्षा अधिनियम (Individuals with Disabilities Education Act) (IDEA) के साथ ही साथ रणनीतियों और संसाधनों के सुझावो के अंतर्गत रूपांतरण प्रक्रिया की आवश्यकताओं के बारे में "प्रारंभिक" जानकारी उपलब्ध कराती है।

यह निर्देशिका निम्न विषयों के बारे में विवरणों को उपलब्ध कराएगी:

- रूपांतरण योजना (IDEA के अनुसार, रोजगार और माध्यमिक स्तर के बाद शैक्षणिक परिणामों की दिशा में)
- साझीदारों की भूमिका और भागीदारी
- Maryland हाई स्कूल डिप्लोमा और Maryland हाई स्कूल कार्यक्रम पूर्णता प्रमाणपत्र के लिए आवश्यकताएँ
- Maryland प्रदर्शन का सारांश (पूर्व में Maryland निष्कासन दस्तावेज़)
- अधिकार बनाम योग्यता
- बालिग होने की उम्र
- Maryland व्यस्क सेवा संस्थाएँ
    1. पुनर्वास सेवाओं का प्रभाग (DORS)
    2. विकासात्मक विकलांगता प्रशासन (DDA)
    3. व्यवहारात्मक स्वास्थ्य प्रशासन (BHA)
    4. श्रम विभाग, लाइसेंसिंग और नियामन - श्रमिक विकास और व्यस्क शिक्षा का प्रभाग (DLLR)
- लाभ
- माध्यमिक स्तर के बाद शिक्षा/विकलांगता सहायता सेवाएँ
- परिवहन/यात्रा प्रशिक्षण
- स्वास्थ्य सेवा
- समुदाय में पहुँच
    1. मनोरंजन/विलासिता
    2. संरक्षण
    3. सामाजिक सुरक्षा
    4. वित्तीय योजना/विशेष आवश्यकताओं के न्यास/संपत्ति योजना
- रूपांतरण प्रक्रिया: संस्था के साथ संबंध (संपर्क)

परिशिष्ट A: अनुशंसित समयावधि(याँ)
परिशिष्ट B: माध्यमिक स्तर के बाद शिक्षा/विकलांगता सहायता सेवाओं के लिए सामान्य तौर पर पूछे जाने वाले प्रश्न
परिशिष्ट C: विशेष जनसंख्या/संसाधन
परिशिष्ट D: अक्सर उपयोग किए जाने वाले संक्षिप्ताक्षर और शब्दावली

© Maryland राज्य शिक्षा विभाग, आरंभिक कार्यवाही और विशेष शिक्षा सेवाओं का प्रभाग

# रूपांतरण योजना क्या है?

Maryland राज्य शिक्षा विभाग, आरंभिक कार्यवाही/विशेष शिक्षा सेवाओं का प्रभाग की ***विकलांग व्यक्तियों के लिए माध्यमिक रूपांतरण योजना निर्देशिका*** विकलांग व्यक्तियों की स्कूल से माध्यमिक स्तर के परिणामों के लिए गतिविधि पर केंद्रित है। माध्यमिक रूपांतरण योजना का एक प्रमुख भाग यह है कि श्रृंखलाबद्ध रूपांतरण गतिविधियाँ और सेवाएँ व्यक्ति-केंद्रित हैं और ये व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम (Individual Education Program) IEP) को संचालित करती हैं। छात्र कॉलेज, कैरियर, और समुदाय के लिए तैयार होकर हाई स्कूल से बाहर निकलें इसके लिए, शुरूआत से ही योजना बनाना महत्वपूर्ण है। Maryland में, रूपांतरण की योजना और रूपांतरण सेवाओं की डिलेवरी उसी IEP वर्ष के दौरान शुरू हो जाती है जिसमें छात्र 14 वर्ष की आयु को पूर्ण कर लेता है।

विकलांग व्यक्तियों के लिए शिक्षा अधिनियम (IDEA) कहता है कि इस कानून का उद्देश्य है "यह सुनिश्चित करना कि सभी विकलांग बच्चों के लिए एक निशुल्क उचित सार्वजनिक शिक्षा उपलब्ध हो जो विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं पर जोर देती हो जिसको उनकी विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया था और यह उनके भविष्य के रोजगार और स्वतंत्र जीवन के लिए तैयार करता है।" कानून शिक्षाविदों, अभिभावकों, और सामुदायिक संस्थाओं को एक साथ मिलकर काम करने और छात्रों का साथ देने की आवश्यकता पर जोर देता है क्योंकि वह माध्यमिक स्तर के बाद के लक्ष्यों और परिणामों की ओर काम करता या करती है। छात्र या छात्रा को माध्यमिक स्तर के बाद के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक कुशलताओं की प्राप्ति में सहायता के लिए रूपांतरण सेवाओं को उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

IDEA 2004 रूपांतरण सेवाओं की व्याख्या विकलांग छात्र के लिए बतौर दिशायुक्त गतिविधियों के समूह के करता है जो हैं:

- परिणाम-आधारित प्रक्रिया बनने के लिए डिजाइन किया गया, किसी विकलांग व्यक्ति की स्कूल से लेकर स्कूल के बाद की गतिविधियों के संचालन में उनको सुविधा देने के लिए अकादमिक और क्रियात्मक सफलता की उन्नति पर केंद्रित किया जाना, जिसमें शामिल हैं माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा; वोकेशनल शिक्षा; एकीकृत रोजगार; नियमित और व्यस्क शिक्षा; व्यस्क सेवा; स्वतंत्र जीवन जीना और सामुदायिक भागीदारी;
- उनकी क्षमताओं, वरीयताओं, और रूचियों पर ध्यान रखते हुए, व्यक्तिगत आवश्यकताओं के आधार पर; और;
- निर्देश, संबंधित सेवाओं, सामुदायिक अनुभवों, रोजगार और स्कूल के बाद व्यस्क जीवन के लक्ष्यों का विकास और जब उचित हो, दैनिक जीवन निर्वाह की कुशलताओं और क्रियात्मक वोकेशनल मूल्यांकन को प्राप्त करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# रूपांतरण योजना

रूपांतरण योजना का लक्ष्य है विकलांग छात्रों की मदद करना जैसे-जैसे वे स्कूल में आगे प्रगति करें और व्यस्कों की दुनिया में जीवन जीने के लिए तैयार होते रहें। इसमें शामिल है कॉलेज, काम, परिवहन, जीवन जीने की व्यवस्थाएँ, स्वास्थ्य देखभाल, और दैनिक जीवन के लिए योजना बनाना। व्यस्क गतिविधियाँ निम्न में से किसी के साथ मिलकर बनी हो सकती हैं:

- आत्म-संकल्प और परामर्श
- सामुदायिक भागीदारी
- माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा
- रोजगार प्रशिक्षण
- प्रतिस्पर्धात्मक रोजगार
- स्वतंत्र जीवन
- व्यस्क सेवा से संबंध

किसी छात्र के भविष्य के लिए रूपांतरण योजना उतनी ही जल्दी आरंभ हो जाती है जैसे ही प्रारंभिक स्कूल में कैरियर जागरूकता और खोज संबंधी गतविधियाँ शुरू होती हैं। औपचारिक रूपांतरण योजना IEP प्रक्रिया के द्वारा उस वर्ष से आरंभ होती है जिसमें छात्र 14 की आयु को पूरा करता है और IEP के विकास को संचालित करता है। आभिभावकों और शिक्षाविदों की सहायता के साथ, छात्र, माध्यमिक स्तर के लक्ष्यों की पहचान रोजगार, माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा या रोजगार प्रशिक्षण के क्षेत्रों में करते हैं; और यदि उचित रहे, तो स्वतंत्र जीवन के लिए भी। ये माध्यमिक स्तर के लक्ष्य उचित आयु के अनुसार रूपांतरण आकलनों के परिणामों पर आधारित होते हैं।

## *किसी रूपांतरण योजना की आवश्यकता क्यों है?*

रूपांतरण योजना को यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया जाता है कि छात्रों को उन आवश्यक कुशलताओं और सेवाओं को उपलब्ध कराया जाएगा जो स्कूल से व्यस्क जीवन में रूपांतरण को सुगम बनाती हैं। IEP में शामिल छात्रों के लिए, सार्वजनिक स्कूल तंत्र और गैर-सार्वजनिक स्कूल वह शैक्षणिक सहायता प्रदान करते हैं जिसमें सहायक तकनीक, नौकरी का प्रशिक्षण, निजी सहायता, और अन्य कोई सहायता जिसे IEP टीम उचित समझती है वह शामिल हो सकती है। जब छात्र हाई स्कूल से बाहर निकलते हैं, तब ये सहायताओं स्वचलित रूप से **<u>नहीं</u>** उपलब्ध रहती हैं, भले ही वे स्कूल के वर्षों में जारी रही थीं। ( योग्यता और अधिकार के खंड को देखें)

## *रूपांतरण योजना में क्या शामिल होता है?*

रूपांतरण योजना की प्रक्रिया तब कार्यरत होती है जब IEP में शामिल छात्र यह पहचान कर लेते हैं कि वे स्नातक होने के बाद क्या करेंगे और इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए किन आवश्यक कुशलताओं, प्रशिक्षण, शिक्षा, और/या संसाधनों पर ध्यान देंगे। इसमें यह भी शामिल होता है:

- उचित व्यस्क सेवा संस्थाओं की पहचान करना और उनमें आवेदन करना।
- भविष्य में कॉलेजों, नियोक्ताओं, या सेवा प्रदाताओं के लिए आवश्यक दस्तावेज़ों को प्राप्त करना।
- उन प्रशिक्षण रूपांतरण गतिविधियों और सहायताओं का निर्धारण करना जो तार्किक रूप से
- छात्र को उन लक्ष्यों तक पहुँचने में सक्षम करें।

### *रूपांतरण के लिए योजना कब आरंभ होती है?*

रूपांतरण योजना यदि पहले नहीं शुरू हुई हो तो छात्र की 14 वर्ष की आयु पर आरंभ होती है। इस समय तक एक औपचारिक रूपांतरण योजना जिसमें छात्र के माध्यमिक स्तर के बाद के लक्ष्य और रूपांतरण सेवाएँ शामिल हो उसे विकसित और IEP में शामिल किया जाना आवश्यक है। हो सकता है यह बहुत जल्दी लगे, लेकिन यदि छात्रों को उन कुशलताओं और माध्यमिक स्तर के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद के लिए आवश्यक अनुभवों को प्राप्त करना है तो सावधानीपूर्वक योजना बनाना आवश्यक है। रूपांतरण योजना को 14 की आयु में आरंभ करना छात्र को उनके माध्यमिक स्तर के बाद लक्ष्य के विकल्पों को जानने और रूपांतरण अनुभवों और प्राप्त किए गए ज्ञान के आधार पर इन विकल्पों में सुधार या परिवर्तन के लिए समय देता है। यह उनको माध्यमिक स्तर के बाद की सेवाओं और सहायताओं के लिए आवेदन करने के लिए भी समय देगा जैसे कि: कॉलेज में अकादमिक सहायता, नौकरी की कोचिंग, निजी देखरेख सहायता, सब्सिडी पर आवास, या अन्य व्यस्क सेवाएँ।

## साझीदारों की भूमिका और भागीदारी

जैसे ही माध्यमिक स्तर के लक्ष्यों की पहचान महत्वपूर्ण है वैसे ही विभिन्न साझीदारों को पहचाना महत्वपूर्ण है जो रूपांतरण प्रक्रिया में सहायता करें और पहचाने गए लक्ष्यों को पूरा करने में छात्र की सहायता करें। साझीदार रूपांतरण योजना में बहुत सी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों में सामने आते हैं। ये स्थानीय स्कूल तंत्रों के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।

| **साझीदार** | **भूमिकाएँ/जिम्मेदारियाँ** |
|---|---|
| **छात्र** | ○ रूपांतरण योजना में भागीदारी करना<br>○ शक्तियों और चुनौतियों की पहचान करना<br>○ रूचि और वरीयताओं को व्यक्त करना<br>○ माध्यमिक स्तर के लक्ष्यों की पहचान<br>○ IEP में पहचान की गई रूपांतरण गतिविधियों में भाग लेना |
| **अभिभावक/संरक्षक** | ○ IEP और रूपांतरण टीम योजना मीटिंगों में भागीदारी करना<br>○ IEP टीम के साथ छात्र की शक्तियों, रूचियों, और सहायता की आवश्यकताओं को साझा करना<br>○ अन्य रूपांतरण साझीदारों तक पहुँच में छात्र की मदद करना<br>○ छात्र के लक्ष्य के लिए परामर्श<br>○ संभावित नौकरी के अवसरों के लिए संपर्कों और नेटवर्कों को साझा करना<br>○ रूपांतरण साझीदारों के लिए फीडबैक उपलब्ध कराना |

| साझीदार | भूमिकाएँ/जिम्मेदारियाँ |
|---|---|
| | ○ रूपांतरण की समयसीमा की समीक्षा और आवश्यकतानुसार सहायता के लिए पूछना |
| **स्कूल तंत्र** | ○ राज्य और सामुदायिक संस्थाओं के साथ संवाद करने के लिए अभिभावक/संरक्षक की अनुमति प्राप्त करना<br>○ जब रूपांतरण पर विमर्श हो तब साझीदारों को IEP टीम मीटिंगों के लिए आमंत्रित करना<br>○ राज्य संस्थाओं से माध्यमिक स्तर की सेवाओं के लिए आवेदन में अभिभावक/संरक्षकों की सहायता करना जैसे कि पुनर्वास सेवाओं का प्रभाग (DORS), विकासात्मक विकलांगता प्रशासन (DDA), और व्यवहारात्मक स्वास्थ्य प्रशासन (BHA)<br>○ प्रमाणित कार्य वातावरण में निर्देश और कार्य अनुभवों को उपलब्ध कराना यदि छात्र के IEP में इंगित किया गया हो<br>○ यह सुनिश्चित करने के लिए कि योग्य छात्रों और संभावित रूप से योग्य छात्रों पहचान लिए गए हैं और पूर्व-रोजगार रूपांतरण सेवाओं (Pre-ETS) प्राप्त करते हैं इसके लिए DORS के साथ संयुक्त रूप से कार्य करता है।<br>○ रूपांतरण योजना के पहलूओं और राज्य की उन संस्थाओं जो हो सकता है छात्र के स्कूल तंत्र से बाहर निकलने के बाद सेवाओं को उपलब्ध कराएँ उनके लिए आवेदन प्रक्रिया/समयावधि के संबंध में अभिभावकों के लिए सूचनात्मक मीटिंगों को उपलब्ध कराना<br>○ दस्तावेज़ और छात्र की प्रगति और बाहर होने के बाद की स्थिति की रिपोर्ट करना |
| **Maryland पुनर्वास सेवाओं का प्रभाग (DORS)** | ○ रूपांतरण योजना मीटिंगों में भागीदारी करना/जब भी संभव हो IEP मीटिंगों शामिल होना<br>○ एक रोजगार के लिए व्यक्ति-आधारित योजना (Individualized Plan for Employment) (IPE) को विकसित करने के लिए योग्य छात्रों के साथ उनके अंतिम वर्ष पूर्व काम आरंभ करना<br>○ माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा और/या रोजगार के लिए सफल रूपांतरण के लिए आवश्यक सेवाओं की पहचान करना<br>○ नौकरी का विकास और रोजगार सेवाओं वाले छात्रों की सहायता करने के लिए सामुदायिक पुनर्वास प्रदाताओं (Community Rehabilitation Providers) (CRPs) के साथ अनुबंध करना<br>○ पूर्व-रोजगार प्रशिक्षण सेवाओं (Pre-Employment Training Services) (पूर्व-ETS) को 14-22 की उम्र के योग्य हाई स्कूल छात्रों के लिए नौकरी की खोज का परामर्श, कार्य-आधारित सीखने के अनुभवों, आत्म-परामर्श में निर्देश, माध्यमिक स्तर के बाद की |

| साझीदार | भूमिकाएँ/जिम्मेदारियाँ |
|---|---|
| | शिक्षा में अवसरों के लिए परामर्श, और कार्यस्थल के लिए तैयारी के प्रशिक्षण के क्षेत्रों में उपलब्ध कराता है |
| **Maryland विकासात्मक विकलांगता प्रशासन (DDA)** | ○ रूपांतरण योजना में भागीदारी करना<br>○ यह सुनिश्चित करने के लए अन्य रूपांतरण भागीदारों का योगदान देना कि छात्रों के पास सेवाओं के लिए योग्य होने और पहुँच प्राप्त करने के लिए उचित दस्तावेज़ हों।<br>○ स्कूल से बाहर निकलने के बाद योग्य व्यक्तियों के लिए लंबी-अवधि की फंडिंग उपलब्ध कराना<br>○ स्कूल से लेकर बाहरी व्यस्क दुनिया में रूपांतर में सहायता के लिए किसी सामुदायिक सेवाओं के संयोजक के साथ (Coordinator of Community Services) (CCS) अनुबंध करना |
| **व्यस्क सेवा प्रदाता, सामुदायिक पुनर्वास प्रदाता (CRPs)** | ○ रूपांतरण योजना में भागीदारी करना<br>○ कार्य-आधारित अनुभवों को सुविधा देने और पहले तथा स्कूल के बाद में नौकरी के विकास और नौकरी की कोचिंग को उपलब्ध कराने के लिए स्कूल तंत्रों और DORS के साथ अनुबंध आधारित समझौतों को करना<br>○ हाई स्कूल के बाद नौकरी का विकास और नौकरी की कोचिंग उपलब्ध कराने के लिए DORS और DDA क्लाइंटों के लिए सेवाएँ और सहायताएँ प्रदान करना |
| **कॉलेज, माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा के प्रशिक्षण कार्यक्रम (Postsecondary Education Training Programs)** | ○ कॉलेज परिसर में विकलांगता सहायता सेवाओं के साथ सहयोग में आवास और सहायक आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए छात्र के साथ समाधान करना<br>○ परिसर की गतिविधियों, पाठ्यक्रमों, और रोजगार में भागीदारी के लिए पहुँच और सहायता उपलब्ध कराना |

# Maryland हाई स्कूल डिप्लोमा और Maryland हाई स्कूल कार्यक्रम पूर्णता प्रमाणपत्र के लिए आवश्यकताएँ

## *Maryland हाई स्कूल डिप्लोमा*
## *(देखें COMAR 13A.03.02.09)*

- एक Maryland हाई स्कूल डिप्लोमा किसी ऐसे छात्र को दिया जाएगा जो:

    a. नामांकन, क्रेडिट, और सेवाओं की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

    b. हो सकता है स्थानीय स्कूल तंत्र अतिरिक्त क्रेडिट आवश्यकताओं को स्थापित करें या उन छात्रों के लिए जो राज्य द्वारा निर्दिष्ट न्यूनतमों के अतिरिक्त स्थानीय रूप से स्थापित की गई आवश्यकताओं को पूरा करते हैं उनके लिए बतौर प्रोत्साहन डिप्लोमा के लिए अनुमोदन की वृद्धि करें

- अधिक जानकारी के लिए यहाँ जाएँ: http://www.marylandpublicschools.org/programs/Documents/Testing/GraduationsRequirements2018.pdf

## *Maryland हाई स्कूल कार्यक्रम पूर्णता प्रमाणपत्र*
## *(देखें COMAR 13A.03.02.09E)*

- Maryland हाई स्कूल कार्यक्रम पूर्णता प्रमाणपत्र केवल उन विकलांग छात्रों को दिया जाएगा जो किसी डिप्लोमा की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकते हैं लेकिन जो निम्न मानकों को पूरा करते हैं:

    a. छात्र ने ग्रेड 8 या इसके लिए उचित आयु के बाद कम से कम 4 वर्षों के लिए किसी शैक्षणिक कार्यक्रम में नामांकन किया है, विकलांग छात्र के अभिभावकों की अनुमति के साथ, और किसी IEP टीम द्वारा, कामगारों की दुनिया में प्रवेश, बतौर एक नागरिक जिम्मेदार व्यवहार करने, और संतुष्टि भरे जीवन का आनंद लेने के लिए व्यक्तियों में उचित कुशलताओं का विकास करने के लिए निर्धारित किया गया है, जिसमें शामिल हैं लेकिन निम्न तक ही सीमित नहीं हैं:

        - विकासपूर्ण रोजगार;
        - माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा और प्रशिक्षण;
        - सहायतायुक्त रोजगार; और
        - अन्य सेवाएँ जो समुदाय में अनिवार्य हैं; या

    b. छात्र ग्रेड 8 या इसके लिए उचित आयु के बाद किसी 4 वर्षीय शैक्षणिक कार्यक्रम में नामांकित रहा हो और अगल स्कूल वर्ष के पहले दिन से पूर्व 21 वर्ष की आयु को पूरा कर लेगा।

- Maryland प्रदर्शन का सारांश जो छात्र की क्षमता को व्यक्त करता है वह Maryland हाई स्कूल कार्यक्रम पूर्णता प्रमाणपत्र के साथ जुड़ा रहेगा।
- किसी विकलांग छात्र को Maryland हाई स्कूल कार्यक्रम पूर्णता प्रमाणपत्र देने का अंतिम निर्णय तब तक नहीं लिया जाएगा जब तक छात्र का हाई स्कूल में अंतिम वर्ष आरंभ नहीं हो जाता है।
- गंभीर बोध संबंधी विकलांगता वाला कोई छात्र हो सकता है हाई स्कूल स्नातक आवश्यकताओं को पूरा ना करे यदि कोई छात्र:
    a. वैकल्पिक अकादमिक सफलता मानक (Alternative Academic Achievement Standards) (AA-AAAS) के आधार पर किसी वैकल्पिक आकलन में भागीदारी नहीं करता है।
    b. पूरे हाई स्कूल के दौरान वैकल्पिक अकादमिक सफलता मानक के आधार पर निर्देश प्राप्त करना जारी रखता है।

- यदि कोई छात्र किसी स्नातक समारोह में छात्र के शैक्षणिक कार्यक्रम की पूर्णता से पहले भागीदारी करता है, तो समारोह पर स्कूल तंत्र छात्र के लिए डिप्लोमा के स्थान पर एक सफलता का प्रमाणपत्र या समान स्तर कोई अन्य प्रमाणपत्र जारी करेगा। (COMAR 13A.03.02.09E(3)

## *Maryland प्रदर्शन का सारांश (Maryland Summary of Performance) (MSOP)*

Maryland IEPs वाले छात्रों को एक Maryland प्रदर्शन का सारांश (MSOP) उनके स्कूल से स्कूल के बाद की गतिविधियों में रूपांतरण से पहले उपलब्ध कराता है। MSOP, 2004 के विकलांग व्यक्तियों के लिए शिक्षा अधिनियम की पुनः स्वीकृति के अंतर्गत आवश्यक है। Maryland में, यह दस्तावेज़ IEPs वाले सभी छात्रों को उनके बाहर निकलने से पूर्व एक Maryland हाई स्कूल डिप्लोमा या Maryland हाई स्कूल कार्यक्रम पूर्णता प्रमाणपत्र के साथ दिया जाता है (*देखें* COMAR 13A.03.02.09E (2))।

## *Maryland प्रदर्शन का सारांश (MSOP) क्यों महत्वपूर्ण है?*

Maryland प्रदर्शन का सारांश IEPs वाले छात्रों को वह महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराता है जिसे हो सकता है वे उपयोग करें क्योंकि वे स्कूल से माध्यमिक स्तर की गतिविधियों के लिए रूपांतरित होते हैं। इन गतिविधियों में शामिल हो सकता है रोजगार, माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा, सहायता के साथ मिला रोजगार, या स्वतंत्र जीवन जिसे सामुदायिक पुनर्वास प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराया गया हो। MSOP छात्र के IEP के हिस्से के तौर पर उत्पन्न होगा, और जो जानकारी एकत्र की जाती है वह छात्र, परिवार, और IEP टीम से मिली सूचना पर आधारित होती है।

हो सकता है MSOP संभावित नियोक्ताओं, माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा के संस्थानों, और व्यस्क सेवा प्रदाता को नौजवान व्यस्क की क्षमताओं, शक्तियों, और उसे सफल बनने के लिए किसी संभावित सहायता के बारे में अर्थपूर्ण जानकारी प्रदान करे। Maryland प्रदर्शन सारांश के चार भाग हैं। प्रत्येक भाग को यहाँ नीचे सूचीबद्ध किया गया है।

भाग 1- पृष्ठभूमि की जानकारी
भाग 2- छात्र के माध्यमिक स्तर के लक्ष्य
भाग 3- प्रदर्शन का सारांश (अकादमिक, बोध, और क्रियात्मक स्तर)
भाग 4- माध्यमिक स्तर के लक्ष्यों को पूरा करने में सुझाव

# अधिकार बनाम योग्यता

सार्वजनिक शिक्षा के अधिकार और व्यस्क सेवाओं के लिए योग्यता के मध्य के अंतर को समझना बहुत ही भ्रम उत्पन्न करने वाला हो सकता है। Maryland में, कोई नौजवान विकलांग व्यस्क जिसे विशेष शैक्षणिक सेवाएँ मिल रही हों वह पूरे स्कूल के वर्षों में जिसमें वे 21 वर्ष के होते हैं या उसने एक Maryland हाई स्कूल डिप्लोमा या Maryland हाई स्कूल कार्यक्रम पूर्णता प्रमाणपत्र के लिए आवश्यकताओं को पूरा किया हो वह एक निशुल्क, उचित, सार्वजनिक शिक्षा प्राप्त करने का अधिकारी है। जैसे IEP टीम द्वारा निर्धारित हो और स्थानीय स्कूल तंत्र द्वारा फंड किया गया हो इन सेवाओं को छात्र के व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम (IEP) में दर्ज किया जाता है। कोई छात्र जो स्कूल तंत्र से एक Maryland हाई स्कूल डिप्लोमा या Maryland हाई स्कूल कार्यक्रम पूर्णता प्रमाणपत्र प्राप्त करके बाहर निकलता है वह सेवाओं के लिए अधिकारी नहीं रहता है। इस समय व्यक्ति का व्यस्क सेवाओं के लिए आवेदन करना यह देखने के लिए आवश्यक है क्या वे उनको प्राप्त करने के लिए योग्य हैं। योग्यता के मानक को पूरा करने के अतिरिक्त, व्यस्क सेवा संस्थाओं (जैसे DORS, DDA, BHA) से सेवाओं और सहायताओं को प्राप्त करने के लिए फंड का उपलब्ध होना आवश्यक है। नीचे दी गई तालिका को देखें।

| **अधिकार**<br>**स्कूल में नामांकन करने के दौरान** | **योग्यता (ADA और अनुच्छेद 504)**<br>**स्कूल से बाहर आने के बाद या 21 की आयु पर** |
|---|---|
| विकलांग व्यक्ति शिक्षा अधिनियम (IDEA) एक “अधिकार देने वाला” कानून है जिसका उद्देश्य विकलांग छात्रों को निशुल्क, उचित, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की गारंटी देना। | विकलांग अमेरिकी अधिनियम (ADA) पहुँच के बारे में। अनुच्छेद 504 और ADA का लक्ष्य बाधाओं को हटाना और उचित सुविधाओं की गारंटी देना है। विकलांग व्यक्ति एक मात्र संपर्क बन जाते हैं, ना कि उनके माता-पिता या परिवार। |
| • निशुल्क, उचित सार्वजनिक शिक्षा (FAPE)<br>• न्यूनतम बाधायुक्त माहौल (LRE)<br>• विशेष तौर पर डिजाइन निर्देश (SDI)<br>• संबंधित सेवाएँ<br>• आगे की शिक्षा, रोजगार, और स्वतंत्र जीवन के लिए तैयारी<br>• उन सेवाओं के लिए अधिकार जो छात्रों को स्कूल में सफल होने के लिए सहायक होंगी<br>• स्कूल तंत्र के जरिए पहुँच प्राप्त की गई सेवाएँ | • माध्यमिक स्तर के बाद की सेवाओं के लिए योग्यता गारंटीयुक्त नहीं है<br>• व्यक्तियों को सेवाओं के लिए योग्य होना आवश्यक है<br>• सेवाएँ फंड और उपलब्धता पर निर्भर हैं<br>• माध्यमिक स्तर की सेवाएँ केवल सुनिश्चित हैं<br>• व्यक्तियों को समान पहुँच दी जाती है<br>• सेवाओं को प्राप्त करने का उत्तरदायित्व व्यक्ति/माता-पिता/संरक्षक पर निर्भर है<br>• सेवाओं को उपलब्ध कराया जा सकता है यदि वहाँ सेवाओं को उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त कर्मचारी, केंद्र में पर्याप्त क्षमता, और/या फंड हो<br>• सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए स्व-पक्षधरिता आवश्यक है |

### *बालिग होने की उम्र*

बालिग होने की उम्र कानूनी रूप से निर्धारित वह उम्र है जिस पर किसी व्यक्ति को एक व्यस्क माना जाता है, साथ उसे व्यस्क होने के सभी अधिकार और जिम्मेदारियाँ मिलती हैं। जब *बालिग होने की उम्र* इस शब्द को उपयोग में लिया जाता है, तो सामान्य तौर पर यह उस समय को बताता है जब कोई नौजवान व्यस्क समझने जाने वाली उम्र पर पहुँच जाता है। Maryland में, यह उम्र 18 है। किसी व्यक्ति को 18 की उम्र पर पहुँचने के कम से कम एक वर्ष पहले, IDEA के अंतर्गत उनके अधिकारों के लिए सूचित किया जाना आवश्यक है। Maryland में, शैक्षणिक निर्णय क्षमता सिवाए सीमित परिस्थितियों के अंतर्गत अन्य स्थिति में स्वचलित रूप से किसी विकलांग छात्र की बालिग होने की उम्र में उसे स्थानांतरित नहीं होती है। (*देखें* शिक्षा अनुच्छेद §8-412.1, Maryland की टिप्पणी संहिता)

### *Maryland राज्य व्यस्क सेवा संस्थाएँ*

निम्न खंड चार राज्य संस्थाओं की व्याख्या करते हैं जो संभवतः योग्य व्यक्तियों के लिए सेवाएँ या सहायताएँ उपलब्ध करा सकते हैं। व्यक्तियों को प्रत्येक संस्था के लिए विशिष्ट योग्यता मानक को पूरा करना आवश्यक है। चार राज्य संस्थाओं और उनके योग्यता मानक का संक्षिप्त सारांश दिया गया है।

## Maryland राज्य व्यस्क सेवा संस्थाएँ: DORS

| **संस्था का नाम और विवरण** | **संस्था की जानकारी** |
|---|---|
| **पुनर्वास सेवाओं का प्रभाग (DORS)** | http://www.dors.maryland.gov/ |
| **यह संस्था क्या करती है?** Maryland पुनर्वास सेवाओं का प्रभाग (DORS) पूरी तरह से रोजगार से संबंधित है। यदि आप काम करना चाहते हैं, तो DORS आपकी मदद करना चाहती है! DORS हाई स्कूल के छात्रों, कॉलेज के छात्रों, और काम करने के लिए तैयार अन्य स्वीकृत कार्यक्रमों के छात्रों की मदद करती है। DORS विकलांग लोगों की रोजगार तलाश में मदद करती है। यदि आप काम करना चाहते हैं और आप विकलांग हैं जिसके कारण आपको कोई नौकरी खोजना या उसे जारी रखना कठिन है, तो हो सकता है DORS आपकी मदद करने में सक्षम हो।<br><br>DORS प्रमाणित विकलांग नौजवान को रोजगार के लिए तैयार करने के लिए दो विशिष्ट कार्यक्रमों की पेशकश करता है:<br>• कम से कम 14 साल की उम्र के छात्र, जो कम से कम हाई स्कूल में हों, और 21 वर्ष से अधिक उम्र के ना हों उनके लिए पूर्व-रोजगार रूपांतरण सेवाएँ। अधिक जानकारी के लिए यहाँ जाएँ: http://dors.maryland.gov/Brochures/Pre-ETS_Fact_Sheet.pdf.<br>• अंतिम-वर्ष-से-पूर्व-वर्ष के हाई स्कूल छात्र और स्कूल-से-बाहर आ गए नौजवान के लिए वोकेशनल पुनर्वास सेवा हो सकता है वे पूर्व-रोजगार रूपांतरण सेवाओं के बाद अतिरिक्त वोकेशनल पुनर्वास सेवाओं के लिए योग्य हों। आवेदन करना | **सेवाएँ किन्हें प्राप्त हो सकती हैं?** DORS सेवाओं के लिए योग्यता प्राप्त करने के लिए, आपका शारीरिक या मानसिक तौर पर विकलांग होना आवश्यक है जो आपके काम करने की क्षमता पर गंभीर प्रभाव डालता हो, और एक नौकरी प्राप्त करने या उसे जारी रखने के लिए आपको रोजगार पुनर्वास सेवाओं की आवश्यक आवश्यकता है। यदि आप अनुपूरक सुरक्षा आय (Supplemental Security Income) (SSI) और/या सामाजिक सुरक्षा विकलांगता बीमा (Social Security Disability Insurance) (SSDI) प्राप्त करते हों, तो आपको DORS सेवाओं के योग्य माना जाता है। DORS योग्यता और चयन प्रक्रिया के संबंध में अतिरिक्त |

| | |
|---|---|
| और वोकेशनल पुनर्वास सेवाओं के लिए योग्य पाया जाना आवश्यक है। हो सकता है इन सेवाओं के लिए एक प्रतीक्षा सूची हो।<br><br>DORS ने Maryland के प्रत्येक हाई स्कूल के लिए परामर्शदाता निर्धारित किए हैं और जो विशेष तौर पर उन छात्रों के साथ उनको रोजगार के लिए तैयार करने के लिए काम करता है जिनमें गंभीर विकलांगता है। DORS के रूपांतरण परामर्शदाता योग्य छात्रों के साथ स्कूल में उनके अंतिम दो वर्षों के दौरान उनको स्कूल से माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा या रोजगार के लिए सुगम रूपांतरण में मदद सुनिश्चित कराने के लिए रूपांतरण योजना में सहायता के लिए सेवाओं (जैसे कि कैरियर परामर्श और निर्णय क्षमता, सहायक तकनीक, नौकरी की तैयारी, माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा के लिए सहायता, नौकरी दिलाने की सेवाएँ, और नौकरी की कोचिंग की सेवाएँ) को उपलब्ध और व्यवस्था दोनों करने के लिए काम करते हैं।<br><br>**कब आवेदन करें:** हाई स्कूल में जितनी जल्दी संभव हो, यदि हो सके तो हाई स्कूल के पहले वर्ष में DORS छात्र सेवाओं के साथ संपर्क करना निश्चित करें और हाई स्कूल के अपने अंतिम दो वर्षों में अतिरिक्त सेवाओं के लिए आवेदन करें। योग्यता रखने वाले छात्र जैसे ही 14 वर्ष के हो जाएँ और जब वे कम से कम हाई स्कूल में हों तो वे पूर्व-रोजगार रूपांतरण सेवाओं के लिए अनुरोध कर सकते हैं। यह सुझाव दिया जाता है कि छात्र हाई के अंतिम वर्ष से पहले वर्ष के आरंभ में DORS के द्वारा वोकेशनल पुनर्वास सेवाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। यदि योग्य हैं, तो हो सकता है वोकेशनल पुनर्वास सेवाएँ उन व्यक्तियों के लिए उपलब्ध हो जिन्हें अब छात्र नहीं माना जाता है। छात्रों के साथ उनके हाई स्कूल के अंतिम दो वर्षों के दौरान काम करन DORS के रूपांतरण परामर्शदाताओं को रूपांतरण योजना उपलब्ध कराने और स्कूल से माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा या रोजगार के लिए सुगम रूपांतरण में मदद सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त समय देता है। | जानकारी के लिए कृपया यहाँ जाएँ: https://dors.maryland.gov/consumers/Pages/eligibility.aspx<br><br>**सेवाओं का आरंभ कैसे करें:** आप या नीचे सूचीबद्ध कोई भी संभवतः आपके स्थानीय DORS कार्यालय पर फ़ोन या संस्था के वेबसाइट पर एक ऑनलाइन रेफरल फॉर्म भर सकता है:<br>• अभिभावक, संरक्षक की सहमति के साथ स्कूल का कोई व्यक्ति।<br>• अभिभाव या परिवार के अन्य सदस्य।<br>• सेवा प्रदाता।<br><br>http://www.dors.maryland.gov/consumers/Pages/referral.aspx |

## Maryland राज्य व्यस्क सेवा संस्थाएँ: DDA

| संस्था का नाम और विवरण | संस्था की जानकारी |
|---|---|
| **विकासात्मक विकलांगता प्रशासन (DDA)** | https://dda.health.maryland.gov/Pages/dda.aspx |
| **यह संस्था क्या करती है?** विकासात्मक विकलांगता प्रशासन (DDA) एक समन्वित सेवा प्रदायक तंत्र उपलब्ध कराता है, जिससे विकासात्मक विकलांगता वाले लोग उनके | **सेवाएँ किन्हें प्राप्त हो सकती हैं?** DDA-से फंड प्राप्त सेवाएँ अधिकार नहीं हैं। रूपांतरित युवा (Transitioning Youth) (TY) सेवाओं के लिए फंडिंग विभाजित होकर आती है, DDA के तीन संघीय मुक्ति कार्यक्रमों में से एक के द्वारा: सामुदायिक मार्ग (Community Pathways), परिवार सहायता (Family Supports), या सामुदायिक |

समाज मे पूरी एकीकरण किए जाने के लक्ष्य, जिसमें निष्पक्ष प्रतिस्पर्धात्मक रोजगार प्राप्त करना और जारी रखना शामिल है, की दिशा में उचित सेवाओं को प्राप्त करें। DDA की समुदाय-आधारित सेवा प्रदायक तंत्र में विभिन्न घरेलू और सामुदायिक-अधार की सेवाएँ और सहायताएँ शामिल होती हैं जिनको योग्य लोगों को, या तो किसी मेडिकैड राज्य योजना, मुक्ति कार्यक्रम या DDA राज्य फंड की गई सेवाओं के जरिए उपलब्ध कराया गया था।

**कब आवेदन करें:** आप किसी भी उम्र में और किसी भी समय DDA सेवाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। किसी भी DDA सेवाओं को प्राप्त करने के लिए आपका DDA के लिए योग्य होना आवश्यक है। यदि आप विशिष्ट रूप से TY सेवाओं के लिए आवेदन कर रहे हैं, तो जब आप 14 की उम्र की हो जाए तो आप सेवा देने वाले DDA के क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें। आपकी योग्यता का निर्धारण करने वाले आवेदन को अपडेट या भरने के लिए आप सहायता मांग सकते हैं। सभी DDA मुक्ति आवेदनों पर फंड हेतु विचार किए जाने के लिए उनका योग्यता के वर्ष में 30 जून तक भर दिया जाना आवश्यक है। यदि रूपांतरण की तिथि 21वें जन्मदिन के बाद की है, तो ऐसे व्यक्ति हाई स्कूल की मौजूदा या स्नातक होने की तारीख़ से एक वर्ष के लिए योग्य रहेंगे। इसके बाद जमा किए गए आवेदनों को प्रतीक्षा सूची में डाल दिया जाएगा। आवेदन यहाँ ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं www.dda.health.maryland.gov/Docum

सहायताएँ (Community Supports)। मुक्तियों से DDA को संघीय मेडिकेयर और मेडिकैड सेवाओं के केंद्रों (Centers for Medicare and Medicaid Services) (CMS) से प्राप्त फंडिंग के द्वारा विशिष्ट सेवाओं को उपलब्ध कराने की अनुमति मिलती है। इसके अतिरिक्त, राज्यपाल का परिवर्तनकारी युवा प्रस्ताव (Governor's Transitioning Youth Initiative) (GTYI) DDA के बजट में स्कूल छोड़ रहे योग्य छात्रों के लिए फंडों को निर्धारित करता है। GTYI, DDA और Maryland के पुनर्वास सेवाओं का प्रभाग (DORS) के बीच एक साझीदारी के जरिए एक समन्वयन है।

TY प्रस्ताव के लिए योग्य होने के लिए, किसी व्यक्ति को बतौर विकासात्मक रूप से असमर्थ पूर्णतः योग्य पाया जाना आवश्यक है, इसके आधार के निम्न मानक हैं:

- Maryland का निवासी
- मुक्ति की योग्यता
- 21 वर्ष की आयु
- कोई गंभीर जीर्ण असमर्थता हो जो:
    - किसी शारीरिक या मानसिक बीमारी के एक संपूर्ण रोग-निर्णय के अलावा मानसिक दुर्बलता से संबंधित हो।
    - जिसके परिणाम में उन सेवाओं को प्राप्त करने की आवश्यकता हो जिनको व्यक्तिगत रूप से योजनाबद्ध और समन्वित किया जाता है।
    - जिसके परिणाम में उन सेवाओं को प्राप्त करने की आवश्यकता हो जिनके अनिश्चित काल तक जारी रहने की संभावना हो।
    - जो 22 की उम्र से पहले प्राप्त हों।
    - जिसका परिणाम स्वतंत्र रूप से जीने में असमर्थता हो।

ध्यान दें: किसी विकासात्मक असमर्थता के संपूर्ण रोग-निर्धारण का अर्थ यह नहीं है कि कोई स्वचलित रूप से योग्य है

अधिक जानकारी के लिए, अपने क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें:

- **मध्य Maryland** (सेवा क्षेत्र Anne Arundel, Baltimore, Baltimore City, Harford, और Howard) 1401 Severn Street**,** Baltimore, MD 21230, 410-234-8200
- **दक्षिणी Maryland** (सेवा क्षेत्र Calvert, Charles, Montgomery, Prince George's, और St. Mary's) 312 Marshall Avenue**,** Laurel, MD 20707, 301-362-5100
- **पश्चिमी Maryland:** (सेवा क्षेत्र Allegany, Carroll, Frederick, Garrett, और Washington) 1360 Marshall Street**,** Hagerstown, MD 21740, 301-362-5100

| | |
|---|---|
| ents/dda_ea_application_updated.pdf<br>। | • **पूर्वी तट:** (सेवा क्षेत्र Caroline, Cecil, Dorchester, Kent, Queen Anne's, Somerset, Talbot, Wicomico, और Worcester) 926 Snowhill Road, Building 100, Salisbury, MD 21802 , 410-334-6920 |

## Maryland राज्य व्यस्क सेवा संस्थाएँ: BHA

| संस्था का नाम और विवरण | संस्था की जानकारी |
|---|---|
| **व्यवहारात्मक स्वास्थ्य प्रशासन (BHA)** | https://bha.health.maryland.gov/pages/index.aspx |
| **यह संस्था क्या करती है?** BHA, Maryland स्वास्थ्य विभाग (Maryland Department of Health) (MDH) का हिस्सा है जो मानसिक बीमारी और/या शराब और मादक पदार्थ के उपयोग वाले लोगों को सेवा देती है। इसकी स्थानीय संस्थाओं के जरिए, जिनको स्थानीय व्यावहारात्मक प्रशासन (LBHA) या मुख्य सेवा संस्थाएँ (CSA) कहा जाता है, BHA कार्यक्रमों को फंड और संचालित करता है जिसमें शामिल हैं लेकिन इन तक ही सीमित नहीं: मनोवैज्ञानिक भर्ती-रोगी देखरेख, आवासीय उपचार, नियमित और गहन बाह्य रोग देखरेख, आपात सेवाएँ, पुनर्वास सेवाएँ, परिवार सहायता, मानसिक रोगियों के लिए आवास और रोजगार सहायता। कुछ विशिष्ट तौर पर परिवर्तन-की-आयु वाले युवा कार्यक्रम कुछ क्षेत्रों में उपलब्ध है।<br><br>**कब आवेदन करें:** BHA बच्चों (जन्म से 16 वर्ष तक) और 16 वर्ष से आरंभ युवा और व्यस्क के लिए कुछ सेवाएँ उपलब्ध कराता है। अधिक जानकारी के लिए संदर्भ लें: https://mmcp.health.maryland.gov/Pages/home.aspx। | **सेवाएँ किन्हें प्राप्त हो सकती हैं?** मानसिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं वाले लोग जो मेडिकैड के लिए योग्य हैं। कुछ मामलों में, मानसिक स्वास्थ्य की गंभीर आवश्यकताओं वाले लोग जो आर्थिक कारणों से मेडिकैड के लिए पात्र नहीं हैं वे सहायता के लिए अभी भी योग्यता प्राप्त कर सकते हैं।<br><br>**आवेदन कैसे करें:** ध्यान दें कि यदि आपने पहले ही मेडिकैड में नामांकन कर लिया है, तो आपको मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अलग से नामांकर करने की आवश्यकता नहीं है। अधिक जानकारी के लिए, BHA के उपभोक्ता मामलों के कार्यालय से 410-402-8447 पर या अपने स्थानीय व्यवहारात्मक प्रशासन (LBHA) या मुख्य सेवा संस्था (CSA) से संपर्क करें। आप Maryland व्यवहारात्मक स्वास्थ्य अधिकरणों के संगठन से संस्थाओं की एक सूची प्राप्त कर सकते हैं। www.marylandbehavioralhealth.org |

## Maryland राज्य व्यस्क सेवा संस्थाएँ: Maryland श्रम

| संस्था का नाम और विवरण | संस्था की जानकारी |
|---|---|
| **श्रमिक विकास और व्यस्क शिक्षण कार्यालय, Maryland श्रम विभाग (Office of Workforce Development and Adult Learning, Maryland Department of Labor)** | http://labor.maryland.gov |

| | |
|---|---|
| **यह संस्था क्या करती है?** Maryland श्रम विभाग का श्रमिक विकास युवा सेवा प्रभाग युवा व्यस्कों को शैक्षणिक और रोजगार लक्ष्यों तक पहुँचने में मदद के लिए कार्यक्रमों और सेवाओं को उपलब्ध कराता है। Maryland श्रम के स्थानीय अमेरिकी नौकरी के केंद्रों और श्रमिक निवेश बोर्डों द्वारा, Maryland श्रम कैरियर परामर्श, प्रशिक्षण, कंप्यूटर तक पहुँच, और अन्य सहायक सेवाओं को उपलब्ध कराता है। श्रमिक नवाचार और अवसर अधिनियम (Workforce Innovation and Opportunity Act) (WIOA) से प्राप्त फंडिंग के जरिए, Maryland श्रम, अमेरिकी नौकरी के केंद्रों के साथ मिलकर रोजगार सेवाओं की एक श्रृंखला देता है और ग्राहकों को कार्य संबंधित प्रशिक्षण और शिक्षा के अवसरों से जोड़ता है। WIOA नौजवान और युवा व्यस्क को कैरियर की खोज और मार्गदर्शन से आरंभ करके उच्च गुणवत्ता की सेवाएँ उपलब्ध कराने, शिक्षा पूर्णता के लिए सहायता जारी रखने, मांग आधारित व्यवसायों में कुशलताओं के प्रशिक्षण के अवसरों, माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा में नामांकन, और कैरियर के राह में उद्योग प्रमाणित उपाधियों की प्राप्ति जिससे रोजगार प्राप्त होगा उसके लिए विभाग की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। | **सेवाएँ किन्हें प्राप्त हो सकती हैं?** युवा सेवाओं का प्रभाग नौजवान व्यस्कों, जो विकलांग हों या नहीं, जिनकी उम्र 14-24 हो उन्हें सेवा देता है। वन स्टाप कैरिय केंद्र किसी भी उम्र के विकलांग या सामान्य नौकरी तलाशने वालों के लिए उपलब्ध हैं। कैरियर की खोज, प्रशिक्षण, नौकरियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, यहाँ जाएँ:<br>• Maryland श्रम विभाग की वेबसाइट पर http://labor.maryland.gov/county/ या Maryland श्रम विभाग को 410-767-2173 फ़ोन करें एक स्थानीय अमेरिकी नौकरी केंद्र के बारे में पता करने के लिए, या<br>• Maryland श्रमिक विनिमय वेबसाइट: https://mwejobs.maryland.gov/vosnet/Default.aspx. |

# लाभ

## *मेडिकैड और मेडिकैड मुक्तियाँ*

Maryland स्वास्थ्य विभाग (MDH) मेडिकैड या मेडिकल सहायता (MA) को संचालित करता है। मेडिकैड और मेडिकैड मुक्ति कार्यक्रम दोनों स्वास्थ्य कवरेज, अनुपूरक सहायता, लंबी अवधि की देख-रेख, और विकलांग लोगों के लिए घर-पर/समुदाय-आधारित सहायताओं के महत्वपूर्ण स्रोत हो सकते हैं।

| लाभ | लाभ की जानकारी |
|---|---|
| **मेडिकैड** | **मेडिकैड क्या करता है?**<br>• स्वास्थ्य सेवा कवरेज उपलब्ध कराता है।<br>• मेडिकैड मुक्ति कार्यक्रमों के जरिए निजी देखरेख सेवाओं के लिए अतिरिक्त फंडिंग उपलब्ध कराता है जैसे कि: निजी स्वच्छता और उन्नति, शौचालय, भोजन, कपड़ा पहनना, आवागमन, घर पर चिकित्सा देखरेख, और डॉक्टर से मुलाक़ात तक पहुँच।<br>**मेडिकैड के लिए कौन योग्य हैं?**<br>• आम तौर पर, वे व्यक्ति जिनको है:<br>  ○ अपंगता<br>  ○ अंधापन |

| लाभ | लाभ की जानकारी |
|---|---|
| | ○ किसी ऐसे बच्चे की देखरेख जिसके अभिभावक बेरोजगार, बीमार, या उनकी मृत्यु हो गई है, या<br>○ कार्यक्रम की आय आवश्कताओं को पूरा करता हो।<br>● Maryland में मेडिकैड के लिए योग्यता का निर्धारण सामाजिक सेवाओं के स्थानीय विभागों द्वारा किया जाता है<br>● अधिक जानकारी के लिए यहाँ जाएँ:<br>○ https://mmcp.health.maryland.gov/Pages/Am%20I%20Eligible.aspx<br>● https://www.medicare.gov/manage-your-health/i-have-a-disability |
| **मेडिकैड मुक्ति कार्यक्रम** | Maryland मेडिकैड की घर और समुदाय आधारित सेवाएँ नियमित मेडिकैड कार्यक्रम और विशेष मेडिकैड कार्यक्रमों द्वारा पेश की जाती हैं जिनको "मुक्तियाँ (waivers)" कहते हैं। एक मुक्ति किसी विकलांग बच्चे के अभिभावकों की आवश्यकताओं को किनारे रख देता है और केवल बच्चे की आय की ओर देखता है। प्रत्येक कटौती के लिए अलग योग्यता मानक होते है और प्रत्येक एक अलग आबादी समूह को लक्षित करता है, जैसे कि अधिक उम्र के व्यस्क या किसी विशेष विकलांगता वाले लोग।<br>● सेवाएँ कोई अधिकार नहीं हैं।<br>● आवेदन करने और DDA सेवाओं के लिए योग्य निर्धारित किए जाने के लिए Maryland निवासी होना आवश्यक है।<br>● व्यक्तियों के दो समूह सेवाओं के लिए योग्य होते हैं:<br>○ वे जिनमें विकासात्मक विकलांगताएँ हैं और;<br>○ वे जिनमें एक गंभीर, जीर्ण विकलांगता है जो किसी शारीरिक या मानसिक स्थिति के कारण है, बजाए मानसिक बीमारी के एक संपूर्ण रोग-निर्धारण के।<br>● यहाँ जाएँ https://mmcp.health.maryland.gov/Pages/Am%20I%20Eligible.aspx।<br>● मेडिकैड मुक्ति कार्यक्रमों (जिसमें शामिल है समुदाय पहला विकल्प, सामुदायिक विकल्प, और मेडिकैड निजी सहायता) के बारे में अधिक जानकारी के लिए 410-767-1739 पर फ़ोन करें, या यहाँ जाएँ http://medicaidwaiver.org/state/maryland.html।<br>घर और समुदाय आधारित सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, यहाँ जाएँ https://mmcp.health.maryland.gov/waiverprograms/Pages/Home.aspx। |

**आवेदन कैसे करें:** मेडिकैड के लिए आवेदन करने के लिए, Maryland के निवासी अपने काउंटी या शहर के सामाजिक सेवाओं के विभाग में जाएँ। वहाँ, उनका साक्षात्कार लिया जाता है और वे अपने आवेदनों को जमा करते हैं। यहाँ जाएँ https://medicaid-help.org/Primary-Information सवालों को उत्तर, योग्यता की जाँच, और मेडिकैड के लिए आवेदन में सहायता प्राप्त करने के लिए।

## *विकलांग लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रशासनिक लाभ*

सामाजिक सुरक्षा विकलांगता बीमा और अनुपूरक सुरक्षा आय विकलांगता कार्यक्रम उन संघीय कार्यक्रमों में सबसे बड़े हैं जो विकलांग लोगों के लिए सहायता उपलब्ध कराते हैं। जबकि ये दोनों कार्यक्रम कई तरीकों से एक दूसरे से अलग हैं, लेकिन दोनों को सामाजिक सुरक्षा प्रशासन (SSA) द्वारा प्रशासित किया जाता है और केवल वे व्यक्ति जो विकलांग हैं और चिकित्सा मानक को पूरा करते हैं वे ही संभवतः दोनों में से किसी के लाभों के अंतर्गत योग्य हो सकते हैं। सामाजिक सुरक्षा लाभों के लिए आवेदन या किसी विकलांगता निर्णय के विरूद्ध सुनवाई के लिए अतिरिक्त जानकारी और सहायता के लिए यहाँ जाएँ https://www.disabilitysecrets.com/।

## *अनुपूरक सुरक्षा आय (Supplemental Security Income) (SSI)*

| प्रश्न | अनुपूरक सुरक्षा आय (SSI) लाभ के बारे में उत्तर |
|---|---|
| **अनुपूरक सुरक्षा आय (SSI) क्या करती है?** | अनुपूरक सुरक्षा आय (SSI) कार्यक्रम उन असमर्थ व्यस्कों और बच्चों के लिए लाभों का भुगतान करता है जिनके पास आय और संसाधन सीमित हैं। SSI एक संघीय आय अनुपूरक कार्यक्रम जिसे सामान्य कर राजस्व (सामाजिक सुरक्षा करों से नहीं) से फंड किया जाता है:<br>• इसे बड़ी उम्र, अंधापन, और असमर्थ लोगों के लिए डिजाइन किया गया था, जिनके पास थोड़ी या कोई आय नहीं है<br>• भोजन, कपड़े, और आवास की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नकद उपलब्ध कराता है।<br>• लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य सहायता (मेडिकैड) उपलब्ध कराता है जिससे वे हॉस्पिटल में भर्ती होने, डॉक्टरों के बिल, लिखी गईं दवाइयों, और अन्य स्वास्थ लागतों का भुगतान करें।<br>SSI के लाभार्थी हो सकता है भोजन सहायता के लिए भी योग्य हों। |
| **SSI लाभों के लिए कौन योग्य है?** | • असमर्थ; दृष्टिबाधित; या उम्रदराज़ (65 और अधिक); और वे जिनके पास सीमित आय और सीमित संसाधन हैं।<br>• विकलांग बच्चों के परिवारों की आय और संपत्तियों को भी ध्यान में रखा जाता है जब वित्तीय योग्यता का निर्धारण किया जा रहा हो।<br>• किसी की 18 वर्ष की आयु पर SSA केवल व्यक्तिगत आय और संपत्तियों पर ध्यान देता है, न कि अभिभावकों की आय और संपत्ति पर।<br>• यदि किसी बच्चे को हाल ही में आय के आधार पर SSI के लिए अयोग्य माना गया हो, तो उसके 18वें जन्मदिन के बाद लाभों के लिए पुनः आवेदन करें जब अभिभावक की आय को योग्यता के उद्देश्यों के लिए ध्यान में नहीं रखा जाएगा।<br>• अनुपूरक सुरक्षा आय (SSI) प्राप्त कर रहे व्यक्ति स्वचलित रूप से स्वास्थ्य सहायता प्राप्त करने के लिए योग्य हो जाते हैं। |

| प्रश्न | अनुपूरक सुरक्षा आय (SSI) लाभ के बारे में उत्तर |
| --- | --- |
| **आवेदन कैसे करें?** | • आप जिस शहर या काउंटी में रहते हैं वहाँ के स्थानीय सामाजिक सेवाओं के विभाग में एक आवेदन जमा करें।<br>• ऑनलाइन आवेदन यहाँ भरें https://www.ssa.gov/forms/। विकलांगता लाभों के लिए आवेदन को चुनें।<br>• अपने स्थानीय सामाजिक सेवाओं के विभाग और स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से एक आवेदन प्राप्त करें। आप 1-800-456-8900 पर फ़ोन करके डाक द्वारा भी मंगा सकते हैं। |
| **यदि मेरा आवेदन अस्वीकार हो जाता है?** | • यदि आपके आवदेन को अभी हाल ही अस्वीकार किया गया है, तो विकलांगता लाभों के लिए आपकी योग्यता के बारे में लिए गए निर्णय की समीक्षा के लिए इंटरनेट अपील अनुरोध का आरंभिक बिंदु है।<br>• यदि आपका आवदेन अस्वीकार होता है:<br>  ○ चिकित्सा कारणों के लिए, तो आप आवश्यक अपील अनुरोध और अपील विकलांगता रिपोर्ट को ऑनलाइन पूरा कर और जमा कर सकते हैं।<br>  ○ गैर-चिकित्सा कारणों के लिए, आपको समीक्षा का अनुरोध करने के लिए अपने स्थानीय सामाजिक सुरक्षा कार्यालय से संपर्क करना चाहिए। आप किसी अपील का अनुरोध करने के लिए टोल-फ्री नंबर 1-800-772-1213 पर भी फ़ोन कर सकते हैं। बधिर और सुनने में असमर्थ लोग टोल-फ्री TTY नंबर 1-800-325-0778 पर फ़ोन कर सकते हैं। |

## *सामाजिक सुरक्षा विकलांगता बीमा (Social Security Disability Insurance) (SSDI)*

| प्रश्न | अनुपूरक विकलांगता बीमा (SSDI) लाभ के बारे में उत्तर |
| --- | --- |
| **सामाजिक सुरक्षा विकलांगता बीमा (SSDI) क्या करती है?** | सामाजिक सुरक्षा विकलांगता बीमा (SSDI) आपके लिए या आपके परिवार कुछ सदस्यों के लिए लाभों का भुगतान करता है यदि आपका "बीमा हुआ था," अर्थात आपने काफ़ी काम किया था और सामाजिक सुरक्षा करों का भुगतान किया था। |
| **SSDI लाभों के लिए कौन योग्य है?** | SSDI की योग्यता के लिए, किसी व्यक्ति का 65 वर्ष की आयु होना और एक योग्य गंभीर विकलांगत होना आवश्यक है जैसे सामाजिक सुरक्षा प्रशासन द्वारा निर्धारित किया गया था।<br>• एक अविवाहित बच्चा अभिभावक के कार्य के रेकार्ड पर लाभों को प्राप्त करने के योग्य हो सकता है यदि:<br>• वच्चा 18 वर्ष से कम हो, और विकलांग हो या ना हो; या<br>• बच्चा 18-19 वर्ष का हो और एक पूर्ण-कालिक छात्र हो (ग्रेड 12 से अधिक नहीं); या<br>• बच्चा 18 वर्ष या अधिक का हो साथ ही विकलांग हो जो 22 वर्ष की आयु से पहले शुरू हुई हो और व्यस्कों के लिए विकलांगता की परिभाषा को पूरा करता हो। |

# माध्यमिक स्तर के बाद शिक्षा/विकलांगता सहायता सेवाएँ

छात्रों के लिए विकलांग व्यक्ति के लिए शिक्षा अधिनियम (IDEA), विकलांग अमेरिकी अधिनियम (ADA) और 1973 के पुनर्वास अधिनियम के अनुच्छेद 504 के मध्य के अंतर, और छात्रों के लिए ये जो प्रावधान देते हैं उनको समझना महत्वपूर्ण है। हाई स्कूल के दौरान, IDEA इसकी रूपरेखा तय कर लेता है कैसे IEP प्रक्रिया द्वारा शैक्षणिक सहायताएँ कैसे उपलब्ध कराई जाती हैं। जब कोई छात्र कॉलेज में प्रवेश करता है (माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा), ADA और अनुच्छेद 504 विकलांग व्यक्तियों को माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा में सफल होने के लिए उचित सुविधा के अधिकार की गारंटी देता है। नीचे दी गई तालिका हाई स्कूल और कॉलेज के बीच अंतरों को सूचीबद्ध करती है।

| सेवा क्षेत्र | हाई स्कूल के लिए | कॉलेज के लिए |
|---|---|---|
| **कानून** | • विकलांग व्यक्ति शिक्षा अधिनियम (IDEA) विकलांग छात्रों को एक निशुल्क और उचित शिक्षा अधिकार देता है।<br>• IDEA **सफलता** के लिए है। | • विकलांग अमेरिकी अधिनियम (ADA) और अनुच्छेद 50 उचित सुविधाओं की गारंटी देते हैं।<br>• ADA **पहुँच** के लिए है। |
| **आवश्यक दस्तावेज़** | • व्यक्ति आधारित शिक्षा योजना (IEP)<br>• दस्तावेज़ निर्माण यह निर्धारित करने पर ध्यान देता है कि कोई छात्र IDEA में स्पष्ट की गई श्रेणियों के आधार पर क्या सेवाओं के लिए योग्य है। | • हाई स्कूल IEP हो सकता है पर्याप्त ना हो।<br>• हो सकता है छात्रों के लिए अपने खर्च पर मूल्यांकन(नों) को कराना आवश्यक हो।<br>• दस्तावेज़ को विशिष्ट उचित सुविधाओं के बारे जानकारी उपलब्ध कराना आवश्यक है। |
| **समर्थन** | • अभिभावक अपने बच्चों के लिए उचित सेवाओं और सहायताओं के लिए समर्थन में सक्रिय रूप से शामिल रहते हैं।<br>• स्कूल अभिभावकों से संपर्क करते हैं और IEP टीम प्रक्रिया में उनकी भागीदारी आवश्यक है।<br>• अभिभावक अपने बच्चे के शिक्षक से नियमित अंतराल पर सीधे बात करते हैं | • छात्रों से उम्मीद की जाती है कि वे अपना पक्ष स्वंय रखें। हमेशा अभिभावकों की भागीदारी की उम्मीद नहीं की जाती है और इसे समय आने पर हतोत्साहित किया जा सकता है।<br>• कॉलेज के अधिकारी और कर्मचारी सामान्य तौर पर बिना छात्र की सहमति के अभिभावकों के साथ संवाद नहीं करते हैं। |
| **व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम और सहायता** | • IEP टीम, जिससमें छात्र, अभिभावक और स्कूल ज़िला शामिल होते हैं, व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम (IEP) का विकास करता है और सेवा के लिए उसे | • कॉलेज में कोई IEP नहीं हैं।<br>• विकलांग सेवाओं का कार्यालय छात्र द्वारा उपलब्ध कराए गए विकलांगता के दस्तावेज़ के आधार पर सुविधा की योजना विकसित करेगा। |

| | | |
|---|---|---|
| | इस कानूनी दस्तावेज़ का पालन करना आवश्यक है।<br>● माता-पिता के पास छात्र के रेकार्डों तक पहुँच होती है और सुविधा प्रक्रिया में भागीदारी कर सकते हैं। | ● प्रत्येक सत्र के लिए छात्र का कॉलेज के विकलांग सेवाओं के कार्यालय से सुविधाओं के लिए अनुरोध करना आवश्यक है।<br>● छात्र की लिखित सहमति के बिना अभिभावक के पास छात्र के रेकार्डों तक पहुँच नहीं होती है। |

यह महत्वपूर्ण है कि छात्रों अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों का ज्ञान हो, चूँकि IDEA कॉलेज, ट्रेड स्कूलों, या विश्वविद्यालयों में लागू नहीं होता है। इस निर्देशिका के परिशिष्ट A में दी गई माध्यमिक स्तर के बाद की शिक्षा के सुविधाओं की तालिका माध्यमिक स्तर के बाद के शिक्षा संस्थानों में सुविधाओं और विकलांगता सेवाओं के बारे में सामान्य प्रश्नों को रेखांकित करती है।

# परिवहन, आवागमन, और यात्रा के निर्देश

छात्रों और उनके परिवारों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे स्कूल के बाद की स्थिति, जैसे कि कॉलेज या कार्यस्थल के लिए कैसे यात्रा करके जाएँगे। स्कूल के दौरान, हो सकता है छात्र स्कूल के परिवहन, परिवार या दोस्तों द्वारा उन्हें ले जाने की व्यवस्था पर निर्भर रहे हों। हो सकता है आवागमन की यही सहायताएँ छात्रों के लिए तब ना मौजूद रहें जब वे स्कूल छोड़ें। छात्रों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे स्कूल में रहने के ही दौरान स्वतंत्र रूप से यात्रा करने और परिवहन के बारे में सीख लें जिससे जब वे स्कूल छोड़ें, उनके पास अपनी आवश्यकता के अनुसार आने-जाने के लिए उनके पास ज्ञान और क्षमताएँ हों।

परिवर्तन योजना में, टीम परिवारों और छात्रों के साथ मिलकर काम कर सकती है:

- स्वतंत्र रूप से यात्रा करने के लिए किसी छात्र की आवागमन और क्रियात्मक क्षमता के आकलन के लिए;
- किसी छात्र की निर्णय लेने, समस्या सुलझाने, और सामाजिक नियमों को समझने की बोध क्षमता का आकलन करने के लिए जो आवश्यक हो सकती हैं क्योंकि वे स्वतंत्र रूप से यात्रा करते हैं;
- समय निर्धारित करके स्थानीय परिवहन संस्थाओं के पास जाने के लिए जहाँ छात्र सामुदायिक परिवहन विकल्पों के बारे में सीख सकते हैं।
- परिवहन पेशेवरों से छात्रों के साथ मुलाक़ात कराने के लिए जिससे वे सेवाओं के बारे में बात करें;
- परिवहन सेवा के प्रकारों के निरीक्षण के लिए जो हो सकता है छात्र-केंद्रित गतिविधियों के जरिए उनके समुदाय में उपलब्ध हों;
- स्थानीय परिवहन योजना संगठनों और पारगमन संस्थाओं के जरिए आवागमन के विकल्पों के बारे में सीखने के लिए;
- छात्रों को सिखाने के लिए कि सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कैसे करें इसके लिए यात्रा निर्देश और यात्रा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पहचान करने के लिए; और;
- छात्रों के लिए सबसे अधिक भागीदारी वाले परिवहन विकल्पों के बारे में सोचने के लिए।

परिवहन रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, और मनोरंजन जैसे अवसरों के लिए पहुँच उपलब्ध कराता है। विकलांग व्यक्ति जो ड्राइव नहीं करते हैं या जिनके पास गाड़ी की सुविधा नहीं है उनको वैकल्पिक आवागमन विकल्पों पर ध्यान देना होगा। पूरे राज्य में परिवहन सेवाएँ भिन्न-भिन्न हैं। कुछ छात्रों के लिए जो, पैराट्रांजिट सेवाओं के लिए योग्य हैं, वे उनके लिए सबसे उचित यात्रा स्थिति हो सकती है। Maryland में, Maryland पारगमन अधिकरण आवागमन लिंक कार्यक्रम उन छात्रों के लिए उनके द्वारा पर परिवहन सेवाओं को उपलब्ध कराता है जो अपनी योग्यता निर्धारित करने के लिए एक आकल प्रक्रिया से गुजरते हैं। MobilityLink, जो विशिष्ट रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए डिजाइन किया गया है, वह विकलांग अमेरिकी अधिनियम (ADA) की एक आवश्यकता है और इसके लिए पूर्व नोटिस और समय निर्धारण की ज़रूरत होती है। हालाँकि, कई छात्रों के लिए, सामुदायिक परिवहन विकल्पों को शामिल करते हैं जो छात्रों को तत्काल यात्रा की क्षमता देता है सबसे उचित सेवा है। परिवर्तन पेशेवरों, परिवारों, और युवा स्वंय परिवहन पेशेवरों के साथ आवागमन सकी सेवा को निर्धारित करने के लिए काम कर सकते हैं जो छात्र की आवश्यकताओं और क्षमता के साथ उचित हों।

## ***परिवहन के संसाधन***

- राज्य परिवहन विभाग और पारगमन प्रशासनिक अधिकारी स्थानीय परिवहन प्रदाताओं की पहचान के लिए एक मूल्यवान संसाधन हैं।
    - Maryland पारगमन प्रशासन (Maryland Transit Administration) (MTA)
    - Maryland निशुल्क या कम किराए वाले कार्यक्रमों की पेशकश विकलांग व्यक्तियों या अधिक उम्र वाले व्यस्कों के लिए उनको सामुदायिक परिवहन के उपयोग में समर्थ करने के लिए करता है। इन कार्यक्रमों के बारे में जानकारी के लिए, Maryland MTA कम किराए के कार्यक्रम पर जाएँ: https://mta.maryland.gov/disabled-reduced-fare-program
- कुछ छात्रों को यात्रा के लिए विशेष सहायताओं की आवश्यकता हो सकती है और वे किसी सार्वजनिक या ट्रेन (MTA निर्धारित मार्ग प्रणाली) का उपयोग करके स्वतंत्र रूप से यात्रा करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। MTA MobilityLink (पैराट्रांजिट) कार्यक्रम MobilityLink की आवश्यकताओं के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें: https://mta.maryland.gov/mobility.
- कुछ छात्रों के लिए टैक्सी सेवाएँ उचित हो सकती हैं और हो सकता है वे युवा को उन स्थानों पर ले जाते हैं जहाँ बसें या ट्रेनें नहीं जाती हैं।
